## सार-समाचार

### गौ सेवा की व पक्षियों के लिए परिंडे लगाए

**जोधपुर**, (का.सं.)। सारथी यूथ फाउंडेशन संस्थापक व अध्यक्ष देवेन्द्र गहलोत ने बताया की आज रविवार सेवा दिवस उद्देश्य से कन्हैया गौशाला पाल रोड मे गौ माता को हरा चारा, गुड व पौष्टिक लड्डू खिलाकर व गौशाला मे पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर रविवार सेवा दिवस मनाया गया। फाउंडेशन जिलाध्यक्ष पुजा सुराणा ने बताया की हिन्दू धर्म मे गौमाता को पूजनीय माना जाता है गौमाता की सेवा व पूजन से बड़े से बड़ा कष्ट सिर्फ गौमाता की सेवा से कट जाते है क्योंकि गौमाता मे 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है। गौमाता की सेवा का जिक्र शास्त्रों मे ही नही भगवान श्रीकृष्ण ने भी गौमाता के प्रति अपना प्रेम प्रदर्शित किया है ओर लोगो को गौमाता की सेवा करने का संदेश दिया है। सुराणा ने बताया कि रविवार सेवा दिवस उद्देश्य से हर रविवार को गौ सेवा, पक्षी सेवा, संतो की सेवा, वानर सेवा, वृद्वजनो की सेवा, अनाथ, नेत्रहीन, विकलांग, निराश्रित, दिव्यांग बच्चों की सेवा, वस्त्रदान, आदि अलग अलग क्षेत्र मे जाकर सेवा कार्य किए जाते हैं। सुराणा ने आमजन से अपील की है की इस पुण्य सेवा कार्य में आप अधिक से अधिक संख्या मे रविवार सेवा दिवस मिशन से जुड़ें। इस दौरान आज जिला महासचिव लखपत परिहार, तारा शर्मा, मुरली सोनी, रामनारायण थिरोदा, कंचन सुराणा, नीता शर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, धनवंती सोनी, तनुश्री सुराणा, गोपीचंद सोनी, देव शर्मा, गोरव थिरोदा, विधा सोनी, हिमांशु सुराणा, नंदलाल सोनी, पुष्पा सोनी, आदि उपस्थित थे।

### प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित

**रेवदर**, (निसं)। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे मेघवाल समाज के युवाओं के लिए समाज के युवाओं द्वारा संचालित परिवर्तन युवा समिति द्वारा पटवार भर्ती परीक्षा 2025 की पूर्व तैयारी और समाज के युवाओं की तैयारी के परीक्षण के लिए पटवार भर्ती लक्ष्य मार्ग परीक्षा का आयोजन मेघवाल समाज सेवा संस्थान रेवदर छात्रावास परिसर में किया गया। परिवर्तन युवा समिति सचिव रेवाराम लूणोल ने बताया कि परीक्षा में तहसील क्षेत्र के 68 अभ्यर्थीयों ने भाग लिया तथा अपनी तैयारी को परखा। अध्यक्ष प्रवीण मेघवाल ने बताया कि परीक्षा का आयोजन केंद्राधीक्षक मफाराम धर्माणी और प्रधानाचार्य प्रेमाराम के मार्गदर्शन में किया गया। परीक्षा समाप्ति के बाद केन्द्रीय कक्ष में मोटिवेशन और मार्गदर्शन शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें मेघवाल समाज सेवा संस्थान अध्यक्ष पीराराम मेघवाल और पूर्व प्रधान पुंजाभाई का आतिथ्य रहा। मोटिवेशन शिविर में व्याख्याता दीपक कुमार और सतीश कुमार ने युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में समय प्रबंधन और लक्ष्य केंद्रित तैयारी के बारे में जानकारी दी साथ ही कांतिलाल नागाणी, पुनाराम सिवेरा, अशोक मेघवाल और पुंजाभाई मेघवाल ने युवाओं को अपने अनुभवों के अवगत करवाते हुए लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रेरित किया। परीक्षा आयोजन में वरिष्ठ अध्यापक कैलाश चंद्र दत्तानी और सतीश कुमार द्वारा वीक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दी। मोटिवेशन शिविर में कार्य म का संचालन समिति के कोषाध्यक्ष चेतन प्रकाश द्वारा किया गया। परीक्षा आयोजन में समिति उपाध्यक्ष महेंद्र बासन सदस्य शांतिलाल धर्माणी, थानाराम खाण, बाबूलाल हाथल, मंछाराम अनादरा, कमलेश रायपुर, छगनलाल डाबी आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

### सिरोही में सी.एल.जी. की बैठक हुई

**रेवदर**, (निसं)। सिरोही में जिला सीएलजी बैठक में डीएम अल्पा चौधरी एवम जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने जिले के नागरिकों से साफ साफ शब्दों में कहा है कि वर्तमान समय मे जिले का माहौल किसी भी रूप में बिगाडने वालो को सख्ती से निपटा जाएगा और किसी को भी किसी भी माध्यम से माहौल बिगाडने नही दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज के हालातों में हम सबका यह परम कर्तव्य है कि हम जिले में कानून व व्यवस्था एवम अमन चैन बनाये रखे और आपस मे भाईचारा बनाये रखे। हम सबको आतंकवाद का कमर कस कर विरोध करना है । उन्होंने नफरत फैलाने वाले वीडियो,ऑडियो ,मेसेज को इधर उधर फारवर्ड नही करना है और एक जिमेवार नागरिक का धर्म निभाना है। देश को कमजोर करने वाली ताकतों को मुंहतोड जबाब देने के लिए सरकार काम कर रही है। गलती से भी नफरत फैलाने वाले मेसेज इधर उधर भेजने वालो को भी पुलिस व एडमिनिस्ट्रेशन नही बख्शेगी। उपस्थित सदस्यों ने विश्वास दिलाया कि वे भी हालातो पर नजर रखेंगे ओर अमन चैन व भाईचारा बना रहे उसमे पूरी मदद करेंगे और कोई भी गडबडी की सूचना मिलेगी तो उसे पुलिसबल तक पहुंचायेंगे। इस दौरान एडीएम डॉ दिनेश कुमार, एएसपी प्रभुदयाल, एसडीएम हरिसिंह देवल, डीएसपी मुकेश चौधरी समेत जिला सीएलजी सदस्य रघुभाई माली, सुरेश जुगनू वलदरा, पुनीत अग्रवाल, गंगासिह, मकसूद अली, नैनूखा आदि मौजूद रहे।

### शिक्षक संघ राष्ट्रीय की बैठक हुई

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा जालोर की सदस्यता अभियान को लेकर मण्डलनाथ महादेव मन्दिर प्रांगण में रविवार को प्रवासी कार्यकर्ता कर्ण सिंह, संभाग संयुक्त मंत्री रेखा राठौड की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई तथा अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह ने की। ब्लॉक मंत्री मूलाराम प्रजापत ने बताया कि बैठक आगामी सदस्यता अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। ततपश्चात सभी संकुल संयोजक एवं सह संयोजक को अधिक से अधिक शिक्षको को शिक्षक संघ राष्ट्रीय के कार्यकर्ताओं के रूप जोडने के निर्देश दिए गए। कर्ण सिंह ने 1 मई से 14 मई तक सदस्यों को जोडकर निर्धारित प्रपत्र में सूचना देने की बात कही। कृष्ण पाल सिंह ने संकुल वार सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी और तय समय पर कार्य सम्पन्न करने की बात कही। बैठक मे जिला सह संगठन मंत्री नरेन्द्र कुमार बोहरा, गणपत सिंह मण्डलावत नरेश कुमार बामणिया, महिला मंत्री मीना परमार, गोपाल चंद सिंधी, पूर्ण सिंह, किरण सिंह, विमला पूरी अशोक कुमार दवे सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आर्य समाज ने यज्ञ में दी आहुतियां

**जालोर**, (कासं)।आर्य वीर दल एवं आर्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में पुरानी सब्जी मंडी स्थित आर्य वीरम व्यायाम शाला में कश्मीर के पलहगांव में आतंकवादियों द्वारा 28 हिंदुओं की हत्या किये जाने पर उनकी आत्मा की शांति के लिए शांति प्रकरण के मंत्रो द्वारा यज्ञ में आहुतियां देकर उनके आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। तथा केंद्र सरकार से कडी कार्यवाही करने का आग्रह किया। आर्य वीर दल राजस्थान के अधिष्ठाता विनोद आर्य ने कहा कि पहलगाँव में दिल दहला देने वाली घटना घटी। आतंकियों और उनके आकाओं की मानसिकता देखिए धर्म पूछ कर, यह जानकर कि यह हिंदू है उसको गोली मार दी गई। इस दुखद घटना में जो लोग दिवंगत हुए हैं उनको विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना कि गई की उनके परिजनों को वह साहस धैर्य और शक्ति प्रदान करें ताकि वे इस असीम दुख को सहन कर सके।इस मौके पर आर्य समाज के प्रधान दलपत सिंह आर्य, आर्य वीर दल राजस्थान के संचालक शिवदत्त आर्य, जालोर के संचालक प्रशांत सिंह सहित अनेक आर्य वीर व वीरांगना उपस्थित इस।

### गुरू मंदिर की चौदहवीं वर्षगांठ कल

**जालोर**, (कासं)। स्वामी आत्मानंद सरस्वती गुरु मंदिर जालोर की चौदहवीं वर्षगांठ और स्वामी मोहनानंद महाराज मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की दसवीं वर्षगांठ मंगलवार को रेलवे ओवरब्रिज के पास गुरु मंदिर में संत महात्माओं के सान्निध्य में धूमधाम से मनाई जाएगी। स्वामी आत्मानंद सरस्वती गुरु मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री नैनसिंह सांकरणा ने बताया कि स्वामी आत्मानंद सरस्वती गुरु मंदिर की चौदहवीं वर्षगांङ्ग और स्वामी मोहनानंद महाराज मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की दसवीं वर्षगांठ को लेकर तैयारियां पूरी कर दी गई है। वर्षगांठ को लेकर सोमवार शाम से श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो जाएगा। रात्रि को भजन संध्या होगी। मंगलवार सवेरे गुरु मंदिर और समाधि छतरी पर ध्वजारोहण होगा। वहीं श्रद्धालुओं की और से गुरुदेव को पुष्पांजलि और महाआरती होगी। इसके बाद महाप्रसादी का आयोजन होगा।

### ग्रीष्म कालीन क्रिकेट प्रशिक्षण 1 मई से

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। राजस्थान क्रिकेट एडहॉक कमेटी के निर्देशानुसार जिला क्रिकेट जैसलमेर के तत्वाधान में निशुल्क ठीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर 1 मई से इंदिरा इंडोर स्टेडियम स्थित क्रिकेट मैदान में आयोजित किया जाएगा। जिला क्रिकेट संघ के सचिव विमल शर्मा ने बताया कि 1 मई से सुबह 7:00 बजे से 8:30 तक क्रिकेट प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें गेंदबाजी, बल्लेबाजी व क्षेत्ररक्षण के साथ-साथ योग शिक्षा भी दी जाएगी। शर्मा ने बताया कि क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का प्रभारी कृष्ण गोपाल सोनी व सह प्रभारी विनर शर्मा को बनाया गया है। क्रिकेट प्रशिक्षण प्रशिक्षक विजय वैष्णव,नरपत चौधरी व पुष्पेंद्र बोहरा द्वारा दिया जाएगा। व्यवस्था प्रभारी मदन सिंह को बनाया गया है। प्रशिक्षण के दौरान 19 वर्ष 16 वर्ष तक के क्रिकेट खिलाड़ियों की जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता होगी।

# सी.एल.जी. सदस्यों की बैठक में अफवाहों व बाल विवाह की रोकथाम पर जोर दिया



रानीवाड़ा पुलिस थाने में सी.एल.जी. की बैठक पुलिस उपाधीक्षक भवानीसिंह इंदा, थानाधिकारी दीपसिंह चौहान के निर्देशन में हुई। फोटो-राष्ट्रदूत



जालोर में पुलिस थाना कोतवाली में सी.एल.जी. की बैठक ए.एस.पी. मोटाराम की अध्यक्षता में हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर के पुलिस थाना कोतवाली में सीएलजी की बैठक रविवार को एएसपी मोटाराम की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में एएसीपी मोटाराम ने कहा कि जालोर जिला शांतिप्रिय जिला है इसलिए जिलेवासी आपसी भाईचारा बनाये रखे तथा किसी प्रकार की टिका टिप्पणी नही करें। उन्होंने आगामी दिनो में अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के पुख्ते कदम उठाने की बात कही। बाल विवाह होने पर पुलिस को सूचना देने की बात कही। उन्होंने विवाह समारोह व अन्य कार्यक्रमों में किसी प्रकार से नशा प्रवृति नहीं करने की भी आमजन से अपील की।

डिप्टी गौतम जैन ने बताया कि वर्तमान में पहलगाम घटना के बाद किसी प्रकार की सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने से बचे । आपत्तिजनक पोस्ट करने पर उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होने कहा कि आपसी भाईचारा व सौहार्द्र बनाये रखे की अपील करने के साथ किसी प्रकार की घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। एसडीएम मनोज कुमार ने कहा कि आगामी दिनो में आयोजित त्यौहार को आमजन सौहार्द्र पूर्ण व एकता के साथ मनाये तथा किसी भी प्रकार से भड़काऊ भाषण तथा किसी प्रकार के भड़काऊ स्लोगन से बचें। शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। पुलिस थाना जालोर के थानाधिकारी अरविन्द कुमार राजपुरोहित ने सभी सीएलजी सदस्यों का आभार जताया।

इस दौरान बंशीलाल सोनी, प्रवीणसिंह नाथावत, प्रवीण खण्डेलवाल, रमजान खान पठान, गजेन्द्रसिंह बादनवाडी, दिनेश कुमार, वेलाराम, पुखराज माली, ओमप्रकाश माली, शंकरसिंह बगेडिया , ओटाराम सोलंकी सहित काफी संख्या में सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।

**रानीवाड़ा संवाददाता के अनुसार :** जालोर जिले के रानीवाड़ा पुलिस थाने में आयोजित सीएलजी (सिटीजन लायजन ग्रुप) की बैठक में सोशल मीडिया पर फैल रही झूठी खबरों और अफवाहों को लेकर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक भवानीसिंह इंदा, थानाधिकारी दीपसिंह चौहान ने भाग लिया। प्रशासन ने पहलगाम हमले के प्रभाव को देखते हुए सोशल मीडिया पर अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

अधिकारियों ने कहा कि ग्रुप एडमिन्स को अपने ग्रुप्स को मॉडरेशन मोड पर रखना चाहिए, ताकि किसी भी भ्रामक या गलत जानकारी को फैलने से रोका जा सके। सभी नागरिकों से सत्यापित और जिम्मेदार जानकारी साझा करने का आग्रह किया गया।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सामाजिक एकता बनाए रखने और आतंकवाद के खिलाफ जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। प्रशासन ने कहा कि सोशल मीडिया का सही उपयोग करके समाज में सकारात्मक संदेश फैलाना सभी की जिम्मेदारी है।

इसके साथ ही, क्षेत्र में बांग्लादेशी या रोहिग्यां लोगों के प्रवास की सूचना देने और बंगाली सहित देश के अन्य हिस्से से आकर रानीवाड़ा क्षेत्र में काम करने वालों लोगों का पंजियन आवश्यक रूप से करने की बात कही। थानाधिकारी चौहान ने बताया कि पैसों से खरीद कर बहु लाने का कार्य अपराध की श्रेणी में आता है, इसलिए ऐसे कृत्यों से बचना चाहिए। उन्होंने मांगलिक अवसरों में मादक पदार्थों के सेवन से बचने की नसीहत दी।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच रिडमलसिंह डाभी, उपसरपंच गोविंद रावल, कांतिलाल माहेश्वरी, जेसाराम पुरोहित, छोटूसिंह जाखडी, मोइनुदीन खान, कैलाश राव, भंवरलाल सारस्वत, नरेश जोशी, भीखसिंह देवड़ा, मसराराम प्रजापत सहित कई लोग मौजूद रहे।

## कलैक्टर ने शांति व कानून व्यवस्था का जायजा लिया

**जालोर**, (का.सं.)। कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में जिले में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को लेकर रविवार को डीओआईटी सभागार में वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदारों व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने उपखण्ड अधिकारियों को जिले में कानून एवं शान्ति व्यवस्था के संबंध में अलर्ट रहते हुए प्रभावी निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रसारित अफवाहों पर रोक लगाने एवं भड़काऊ पोस्ट के माध्यम से सौहार्द बिगाड़ने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा ने सीएलजी सदस्यों के साथ बैठक करने तथा थाना प्रभारियों, बीट कांस्टेबलों व आसूचना अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। वीसी में अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेश मेवाड़ा, जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी, पुलिस उप अधीक्षक गौतम जैन, जालोर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित मौजूद रहे तथा वीसी के माध्यम समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार व पुलिस अधिकारी जुड़े रहे।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने पुलिस कंट्रोल रूम व अभय कमाण्ड सेन्टर पहुँचकर सीसीटीवी कैमरों द्वारा की जा रही निगरानी व्यवस्था का आवलोकन किया। उन्होंने कंट्रोल रूम में राउण्ड दी क्लॉक की जा रही निगरानी का जायजा लेते हुए दर्ज सूचनाओं का अवलोकन किया तथा रिकॉर्ड संधारण को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्मिकों को अलर्ट रहते हुए राउण्ड दी क्लॉक कार्य करने की बात कही।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा सहित पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## सुरेश पारीक का स्वागत किया



जार के महासचिव सुरेश पारीक का अश्विनी व्यास, जोधपुर इकाई के अध्यक्ष मुन्नावार अली, मिश्रिलाल पंवार महासचिव आदि ने स्वागत किया

**जोधपुर**, (का.सं.)। जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ़ राजस्थान (जार) के महासचिव सुरेश जी पारीक का जोधपुर आगमन पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जोधपुर जार एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने उन्हें माल्यार्पण सम्मानित किया।

समारोह के दौरान महासचिव सुरेश पारीक ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारों की एकता और संगठन की मजबूती के लिए जार सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोधपुर इकाई से जुड़े सभी पत्रकारों को संगठन से जुड़ने और सक्रिय भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सैयद मुनव्वर अली, संयोजक गुरुदत्त अवस्थी, महासचिव मिश्रीलाल पंवार एवं सचिव महेश खेतानी मंचासीन, कार्यक्रम का संचालन जाने माने कवि एवं गीतकार दिनेश सिंघल ने किया।

## 6164 लीटर ज्यूस की बोतलें जब्त की

**पाली**,(नि.सं.)। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत पाली खाद्य सुरक्षा विभाग ने मैंगो ज्यूस, जीरा रेड चिली ज्यूस पर कालू कॉलोनी स्थित अनामिका गृह उद्योग पर कार्यवाही की। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एच गुईटे के निर्देशन में मिलावट पर वार करते हुये खाद्य सुरक्षा टीम ने कालू कॉलोनी स्थित पर कार्यवाही कर 04 ज्यूस के नमूने लेकर जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भिजवाये गये।

अभिहीत अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विकास मारवाल ने बताया की कार्बोडेट वॉटर यूनिट से जीरा मैंगो सॉफ्ट ड्रिंक के नमूने लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेशचन्द्र शर्मा एवं दिलीप सिहं यादव मय टीम द्वारा कार्यवाही की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आग्रम होगी। कार्बोनेट वॉटर की अलग अलग फ्लेवर की 6164 लीटर बोतलों को जब्त कर जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक बिक्री नहीं करने के निर्देश दिये गये। गीष्मकालीन विशेष अभियान 5 मई तक जारी रहेगा। कारवाई में खाद्य सुरक्षा विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप सिहं यादव, सुरेशचन्द्र शर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर ओम प्रकाश प्रजापत मौजूद रहे।

## मन की बात का लाइव प्रसारण सुना

**जालोर**, (कासं)। भाजपा प्रदेश नेतृत्व ,जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित व जिला संगठन प्रभारी महेंद्र बोहरा व मन की बात जिला प्रभारी एडवोकेट सुरेश सोलंकी के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के मन की बात के 121वे एपिसोड का लाइव प्रसारण कार्यक्रम जिले के सभी मंडलों में मंडल अध्यक्षों व सभी बूथों में बूथ अध्यक्षों की अगुवाई में आयोजित हुआ।

भाजपा नगर मंडल जालोर द्वारा भाजपा जिला कार्यालय में जिलामहामंत्री हरीश राणावत,मन की बात जिला प्रभारी सुरेश सोलंकी का आतिथ्य रहा। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी ने की। नगर में आयोजित कार्यक्रमो के दौरान उम्मेदाबाद पूर्व मंडल अध्यक्ष गणपत सिंह बगेडिया, नगर महामंत्री दिनेश महावार, अमन देवेंद्र मेहता,सुरेश सुंदेशा, महेश भट्ट,दिनेश बारोट, मोहनलाल माली, धीराराम चौधरी, अशोक गुर्जर, अर्जुनसिंह, कैलाश सुथार, रामाराम माली सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रेवदर में जन जागरण कार्यक्रम संपन्न

**रेवदर**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) रेवदर मंडल द्वारा वक्फ सुधार अभियान के तहत जन जागरण कार्यक्रम आज भाजपा कार्यालय रेवदर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता दीपेन्द्रसिंह देवडा ने वक्फ संपत्तियों से जुडी विसंगतियों और सुधार की आवश्यकता पर विस्तार से अपने विचार रखे।

दीपेन्द्रसिंह देवडा ने कहा कि वक्फ संपत्तियां समुदाय की धरोहर हैं और इनका उचित प्रबंधन सुनिश्चित करना आवश्यक है। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री जगसी राम,मंडल महामंत्री अमराराम मेघवाल,दशरथ सोनी, जिला परिषद सदस्य मगन, मंडल उपाध्यक्ष कालू राम मंडल मंत्री रावता राम , मीडिया प्रभारी तरुण , सोशल मीडिया प्रभारी ईश्वर शक्ति संयोजक अशोक , समाजसेवी हिन्दू राम धान, वनाराम शंकर , सौरभ खान, राजू राम प्रवीण पंचाल, जितेंद्र दीपक सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## शिविर में 98 यूनिट रक्तदान किया

**पाली** , (नि.सं.)। रविवार को प्रातः 8 बजे से 2 बजे तक श्रेयांश त्रिवेदी स्मृति समिति द्वारा निशुल्क चिकित्सा, जांच एवं रक्तदान शिविर में 98 यूनिट रक्तदान हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संयोजक श्रीजयशंकर त्रिवेदी ने बताया कि यह शिविर कृष्णा विद्या मंदिर विद्यालय, सोमनाथ रोड में किया गया।

## हज यात्रियों का टीकाकरण, प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ



जालोर के मुस्लिम मुसाफिर खाना में हज यात्रा के लोगों का टीकाकरण कार्यक्रम हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। मारवाड हज वेलफेयर सोसायटी जोधपुर एवं मुस्लिम वेलफेयर चेरिटेबल ट्रस्ट जालोर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को नये बस स्टैंड के पास स्थित मुस्लिम मुसाफिरखाना में हज यात्रियों का टीकाकरण कार्यक्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष सैयद शाहजाद अली के सदारत में आयोजित किया गया।

ट्रस्ट के सचिव हाजी खांजी मेहर ने बताया कि जिले से कुल 22 हज यात्री हज यात्रा के लिए जा रहे हैं। इनके लिए मुस्लिम मुसाफिरखाना में शिविर लगाकर टीकाकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ट्रस्ट की ओर से प्रशिक्षण देने आए मेहमानों का, मेडिकल टीम का एवं, हज पर जाने वाले हज यात्रियों का माला, साफा पहनाकर स्वागत किया गया। जोधपुर, पाली से आए हज प्रशिक्षक हाजी अब्दुल जब्बार खान, हाजी काजी इकरामुद्दीन, जाकिर हुसैन अब्दुल कयूम लोधी , अयूब खान अगवान, अमीन खान डायर, ने हाजियों को हज यात्रा के दौरान पूरे किए जाने वाले अरकान के बारे में जानकारी दी और आज यात्रा के बारे में बताया। इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ वीरेंद्र हैम्थानी डॉ. अली असगर, शहजाद खान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, रिचा एएनएम, साबिर खान, खुशी खान, फरीदा , महेंद्र कुमार , गुलाम की टीम ने हज यात्रियों का टीकाकरण कर उनके स्वास्थ्य की जांच की। कार्यक्रम में दिलदार खान , एजाज अली शिक्षा अनुदेशक ने भी सहयोग प्रदान किया कार्यक्रम में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई और इस घटना की कडे शब्दों में निंदा की गई।

इस दौरान अजमत अली इकबाल खान नूरी ,नगीना रंगरेज, मोहम्मद रफीक, रमेश खान दाऊद खान ,मोहम्मद अयूब अकबर खान, गुलाब खान यासीन खान, जफर खान हुसैन खान ,अयूब शेख मुस्ताक खान जानशेर खान सहित कई लोग मौजूद थे।

## कायम रहे कानून व्यवस्था, बना रहे सौहार्द : सुशील यादव

**बालोतरा**,(नि.सं.)। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक हरी शंकर, अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. गुंजन सोनी, उपखंड अधिकारी अशोक कुमार भी उपस्थित रहे।

जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने वीडियों कॉन्फ्रेंस से उपखंड अधिकारियों, पुलिस उपाधीक्षक, तहसीलदार एवं थानाधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में हर हाल में कानून व्यवस्था बनी रहे, सौहार्द पूर्ण वातावरण बना रहे। उन्होंने जिले के समस्त पुलिस उपाधीक्षकों एवं थानाधिकारियों को सोशल मीडिया पर अवांछित गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिये। सोशल मीडिया या अन्य किसी भी प्रकार से क्षेत्र में अवांछित गतिविधियों की सूचना प्राप्त होने पर सख्त त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही थानों के आसूचना अधिकरियों को विशेष सर्तक रहने के निर्देश दिये।

यादव ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों व तहसीलदारों को सख्त निर्देश दिए कि जिले में बिना अनुमति के कोई भी धरना, प्रदर्शन व रैली का आयोजन नहीं हो। यदि बिना पूर्व अनुमति के किसी के द्वारा धरना, प्रदर्शन या रैली का आयोजन किया जा रहा है तो संबंधित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार व थानाधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेवार होंगे। उन्होंने थानाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में कोई भी बिना अनुमति के धरना, प्रदर्शन या रैली का आयोजन न हों तथा किसी प्रकार की अवांछित गतिविधि की सूचना मिलने पर संबंधित तहसीलदार व उपखण्ड अधिकारी के संज्ञान में लाये। जिले के समस्त थानाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं एवं दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। ताकि किसी अप्रिय घटना के घटित होने पर त्वरित कार्रवाई की जा सकें। उन्होंने जिले में आगामी 02 दिवस में जिले के समस्त थानों में सीएलजी बैठके आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिले में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन अन्य विभागों के साथ समन्वय बना कर रखें।

बैठक पश्चात यादव एवं पुलिस अधीक्षक हरी शंकर ने पुलिस कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया।

जिला कलैक्टर यादव ने रविवार को पहलगाम आतंकी हमले के दृष्टिगत पुलिस कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर उपस्थित कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम का प्रभावी संचालन करने के साथ ही कार्मिक अलर्ट रहकर कड़ी निगरानी रखे। उन्होंने कहा कि जिस किसी भी कार्मिक की कंट्रोल रूम में ड्यूटी लगाए जाए वो पूरी निष्ठा और निष्पक्षता के साथ कर्तव्यों का निर्वाहन करें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 24 घंटे सुचारू रहे। उन्होंने कहा कि सूचना तंत्र मजबूत रखें और प्रत्येक जानकारी प्रशासन को सांझा करते हुए समन्वय बनाएं ताकि समयबद्ध कार्रवाई की जा सके। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने एवं लॉ एंड ऑर्डर के संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं करने की बात कही।